दिन—मंगलवार

दिनांक— 18 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधि — 15 मिनट

---

01. महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में कैमूर जिले में तीन सौ पैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

03. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आईसीएआर के पटना स्थित पूर्वी अनुसंधान परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह बीस फरवरी से आयोजित किया जाएगा।

04. और, राज्य के अधिकांश भागों में ठंड में हो रही है कमी। मौसम विभाग ने कहा— अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

---

रेलवे ने देशभर के साठ रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। इसके तहत विभिन्न स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में पटना जंक्शन, दानापुर, आरा और बक्सर समेत राज्यभर के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बना दिया गया है। पटना जंक्शन के दोनों छोर महावीर मंदिर के पास और करबिगहिया की तरफ रेस्ट रूम बनाए गये हैं। वहीं, दानापुर रेल परिसर में होल्डिंग एरिया बनाया गया है। रेलवे प्रयागराज से पवित्र संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सकुशल वापसी के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से बड़ी संख्या में विशेष रेलगाड़ियां भी संचालित कर रहा है।

---

दानापुर रेल मंडल ने महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और आरपीएफ के

जवानों को तैनात किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि कई स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बना दिये गये हैं।

–––बाइट–––

---

रेलवे द्वारा प्लेटफार्म पर भीड़–भाड़ को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे उपायों को लेकर यात्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। यात्रियों ने कहा कि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग एरिया से काफी सुविधा हो रही है।

–––वॉक्सपॉप–––

---

राज्य सरकार ने लोगों से फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा का कार्यक्रम नहीं बनाने की अपील की है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अभी राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा–तफरी की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से भीड़ कम होने के बाद यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की है।

---

महाकुंभ मेले में प्रयागराज स्टेशन पर भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन ने भागलपुर–आनंद विहार बिक्रमशीला एक्सप्रेस का परिचालन आज और कल रद्द कर दिया है। रेलवे की ओर से प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पटना स्थित पूर्वी अनुसंधान परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह बीस फरवरी से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक मॉडल भी लांच किया जायेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. अनूप दास ने बताया कि पच्चीस वर्ष की अनुसंधान यात्रा में संस्थान की ओर से कई उल्लेखनीय चीजों पर काम किया गया है जिससे बिहार झारखंड के किसानों सहित पूर्वी क्षेत्र के किसानों का कल्याण हुआ है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि संस्थान ने धान की बारह किस्मों का विकास किया है, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में सक्षम हैं।

–––बाइट–––

डॉ. दास ने बताया कि सीमांत और छोटे किसानों के लिए संस्थान ने समेकित कृषि प्रणाली मॉडल पर काम किया जो क्राप फेल्योर जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में किसानों के लिए मददगार होता है।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में आज कैमूर जिले में तीन सौ पैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने मोहनियां प्रखंड के भरखर, उग्रवाद प्रभावित प्रखंड अधौरा और चैनपुर का दौरा किया। उन्होंने चैनपुर में कोहरा डैम पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज जमुई में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के खाते में दो सौ पच्चीस से अधिक सीटें आयेंगी। उन्होंने एनडीए कार्यकर्ताओं को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सक्रियता के साथ जुट जाने का आह्वान किया। श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन को जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा(आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने भी संबोधित किया। इससे पहले पांचों घटक दलों का संयुक्त सम्मेलन लखीसराय में आयोजित हुआ, जहां एकजुटता के साथ आगामी विधान सभा चुनाव लड़ने का संकल्प व्यक्त किया गया।

---

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार सोलह में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल हानि और नुकसान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना ने नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उनहत्तर हजार पांच सौ पंद्रह करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट के

साथ दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों के तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अधिकतर स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, यहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने अभिभावकों और छात्रों को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के झूठे दावों के प्रति सतर्क किया है। बोर्ड ने कहा है कि ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य भय पैदा करना है। गलत सूचना फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

---

प्रदेशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार बोर्ड की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। इस बीच, हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि फारबिसगंज के भगवती देवी गोयल प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय और महिला कॉलेज में परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र का फोटो लेने के आरोप में पांच वीडियोग्राफर को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, गोपालगंज के मीरगंज में एक केंद्र पर कदाचार करते पकड़े गए छह छात्रों को निष्कासित कर दिया गया है।

---

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आरके नगर में आज अपराधियों ने कई राउंड गोलीबारी की। गोलीबारी के बाद सभी अपराधी एक मकान में घुस गए। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर चार अपराधियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि सरगना धर्मेन्द्र यादव की तालाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपराधियों ने जमीन विवाद को लेकर मौके पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है।

---

बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द किये जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज दूसरे दिन भी पटना में प्रदर्शन किया। गर्दनीबाग धरना स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों ने नारेबाजी की।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां कल मधेपुरा स्थित बीएन मंडल विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे। श्री खां विश्वविद्यालय के अलग–अलग संकायों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सत्तावन छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। इसके साथ ही तीन सत्रों के एक हजार तीन सौ नब्बे सफल छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

---

दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने कहा कि जिले में छह सौ किलोमीटर लंबी तीन सौ पचास सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत इसके लिए स्वीकृति दी गयी है।

---

बेगूसराय के पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने जिले के मुफस्सिल थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बालू माफिया को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, जिले के दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

अररिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुंजन पांडेय ने नालसा योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान वकीलों और अन्य उपस्थित लोगों को मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी।

---

सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने जिले में चालीस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एनक्यूएएस प्रमाणीकारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में ऐसे दो–दो सेंटर को चिन्हित कर प्रक्रिया में भाग लेने का निर्देश दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में कैमूर जिले में तीन सौ पैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आईसीएआर के पटना स्थित पूर्वी अनुसंधान परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह बीस फरवरी से आयोजित किया जाएगा।

04. और, राज्य के अधिकांश भागों में ठंड में हो रही है कमी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।